प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 अप्रैल 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने मसौदा मास्टर निदेश - भारतीय रिज़र्व बैंक (इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म) निदेश, 2024 जारी किया

वर्ष 2023-24 के लिए द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य के एक भाग के रूप में दिनांक 8 फरवरी 2024 को जारी विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसरण में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपनी वेबसाइट पर मसौदा मास्टर निदेश - भारतीय रिज़र्व बैंक (इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म) निदेश, 2024 रखा। इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म संचालकों, बैंकों, बाज़ार सहभागियों और अन्य इच्छुक पक्षों से 31 मई 2024 तक मसौदा निदेशों पर टिप्पणियाँ/ प्रतिक्रियाएं आमंत्रित हैं।

मसौदा निदेशों पर प्रतिक्रियाएं “मसौदा मास्टर निदेश - भारतीय रिज़र्व बैंक (इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म) निदेश, 2024 पर प्रतिक्रियाएं” विषय पंक्ति के साथ निम्नलिखित पते पर या ईमेल द्वारा भेजी जा सकती है:

मुख्य महाप्रबंधक,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
वित्तीय बाज़ार विनियमन विभाग,
9वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन,
शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट,
मुंबई - 400 001

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/211